वार्षिक प्रतिवेदन
2018-19

सत्यमेव जयते

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल

कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
नई दिल्ली

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.

ISSN 2454-6666

वार्षिक प्रतिवेदन

2018-19

अप्रैल 1, 2018 से मार्च 31, 2019

सत्यमेव जयते

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार
कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110 012

प्रतिभा की खोज
In search of talent
कृ.वै.च.मं.
कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल
AGRICULTURAL SCIENTISTS RECRUITMENT BOARD

मुद्रण : 2019

मुख्य संरक्षक : प्रो. ए. के. मिश्रा
अध्यक्ष

संरक्षक : प्रो. (डा.) ए. के. श्रीवास्तव
सदस्य

संपादक : श्री जे. रवि
सचिव

डा. सुरेश पाल
मुख्य तकनीकी अधिकारी

प्रोडक्शन : डा. वी.के. भारती
श्री पुनीत भसीन

सहायता : श्री खूब राम
श्रीमति निकिता मौर्या

अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल, कृषि अनुसंधान भवन 1, पूसा, नई दिल्ली 110012, दूरभाष संख्याः 011–25840251, 25848172, फैक्सः 011–25846311 द्वारा प्रकाशित व मैसर्स रॉयल ऑफसेट प्रिन्टर्स, ए–89/1, नारायणा इंडस्ट्रियल एरिया, फेस 1, नई दिल्ली 110028 के द्वारा लेजरटाइपसेट एवं मुद्रण।

प्रस्तावना

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का यह वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करना मेरा सौभाग्य है। इस प्रतिवेदन में विभिन्न अनुभागों द्वारा इस वर्ष के दौरान प्राप्त की गई प्रमुख गतिविधियों और उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया गया है। इस वर्ष के दौरान केन्द्रीय मंत्रिमंडल की 1 अगस्त 2018 को हुई बैठक में लिए गए निर्णय तथा जारी की गई अधिसूचना संख्या 25/सीएम/218(i) दिनांक 06.08.2018; मामला सं. 213/25/2018 (मद सं.–7) के अनुसार भारत सरकार ने चयन मंडल के पुनर्गठन को स्वीकृति प्रदान की है। यह निर्णय दिनांक 9 अगस्त 2018 के भारत सरकार के राजपत्र में औपचारिक रूप से अधिसूचित किया गया है।

परिणामस्वरूप कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से पृथक करके भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) से सम्बद्ध कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पुनर्गठित मंडल में अब चार सदस्य होंगे जिनमें अध्यक्ष तथा तीन सदस्य शामिल हैं। मंडल के सचिव के पद को प्रौन्नत करके भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य कर दिया गया है तथा इसे केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम/केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाएगा। इसके सचिवालय में प्रशासनिक स्टाफ का अपना कैडर होगा तथा कथित कैडर पर स्वतंत्र प्रशासनिक नियंत्रण होगा। डेयर में कृ.वै.च.मं. के लिए पृथक बजट सृजित किया गया है।

वर्ष के दौरान कृषि अनुसंधान सेवा के वैज्ञानिकों की कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिक से प्रधान वैज्ञानिक के ग्रेड में पदोन्नति/मूल्यांकन रूप में तैनाती के लिए 41 विषयों में 102 पस्तावों पर कार्यवाही की गई। कैरियर एडवांसमेन्ट स्कीम का सकल निष्पादन प्रभावपूर्ण रहा है जिससे संस्थागत अनुसंधान प्रणाली की आंतरिक शक्ति में सकारात्मक भावना परिलक्षित होती है। लगभग 85% प्रत्याशियों की निर्धारित तिथि से पदोन्नतियों की सिफारिश की गई तथा 10% को आस्थगित श्रेणी के अंतर्गत रखा गया है और इनकी परवर्ती वर्षों में समीक्षा की जाएगी। यह संतोषजनक है कि वर्तमान में वैज्ञानिकों के पदोन्नति संबंधी मूल्यांकन का कोई भी मामला लंबित नहीं है।

मंडल ने वर्ष के दौरान 57 अनुमोदित विषयों में दो परीक्षाएं अर्थात् नेट–2018 (I)/एआरएस–2017 (प्रारंभिक) और एक अन्य केवल नेट–2018 (II) परीक्षा, आयोजित की हैं। कुल 11,906 प्रत्याशियों ने दोनों नेट–2018 (I और II) परीक्षाओं में अर्हकता प्राप्त की है।

कृषि अनुसंधान सेवा मुख्य–परीक्षा 29 विषयों में 195 रिक्तियों के लिए 20.06.2018 को आयोजित की गई तथा 700 से अधिक प्रत्याशी मौखिक परीक्षा या साक्षात्कार के योग्य पाए गए। कुल 181 चयनित प्रत्याशियों को प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों के रूप में नियुक्ति के लिए अनुशंसित किया गया है।

आशुलिपिक ग्रेड–III के 96 पदों, प्रवर श्रेणी लिपिक के 238 पदों और टी–1 के 527 पदों के परिणाम घोषित किए जा चुके हैं तथा इनके बारे में नियुक्ति के लिए संबंधित संस्थानों को सूचित किया जा चुका है।

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल श्री राधा मोहन सिंह जी, माननीय तत्कालीन अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. सोसायटी तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री; माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रियों नामतः श्री परषोत्तम रुपाला जी, श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जी और श्रीमती कृष्णा राज जी का उनके निरंतर

प्रोत्साहन और दूरदर्शी मार्गदर्शन के लिए ऋणी है। डॉ. त्रिलोचन महापात्र, सचिव, डेयर तथा महानिदेशक, भा.कृ.अ.प.; श्री सी. राउल, पूर्व विशेष सचिव, डेयर तथा सचिव, भा.कृ.अ.प. और श्री एस.एन. त्रिपाठी, तत्कालीन अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, भा.कृ.अ.प./डेयर; श्री सुशील कुमार, अपर सचिव (डेयर) तथा सचिव, भा.कृ.अ.प. और श्री बिम्बाधर प्रधान, अपर सचिव एवं वित्तीय सलाहकार (डेयर/आईसीएआर) द्वारा कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की सभी गतिविधियों में प्रदान की जाने वाली सहायता के प्रति आभारी है तथा उनके इस योगदान का आभार ज्ञापित करते हुए उसकी सराहना करता है।

मैं कृ.वै.च.मं. में अपने साथी प्रो. (डॉ.) ए. के. श्रीवास्तव तथा अन्य अधिकारियों व स्टाफ सदस्यों का उपरोक्त गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरा करने में योगदान तथा उनके द्वारा की गई सहायता के लिए हृदय से धन्यवाद देता हूं।

अंततः मैं डॉ. एस.के. सिंह, निदेशक, कृषि ज्ञान प्रबंधन निदेशालय, भा.कृ.अ.प.; डॉ. वी.के. भारती, मुख्य प्रोडक्शन अधिकारी और श्री पुनीत भसीन, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी, डीकेएमए का यह प्रतिवेदन समय पर प्रकाशित करने में सहायता प्रदान करने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करता हूं।

(प्रो. ए.के. मिश्रा)
अध्यक्ष, कृ.वै.च. मंडल

विषय सूची

	प्रस्तावना	*iii*
	कार्यकारी सारांश	*vii*
1.	प्रस्तावना	1
2.	राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)	6
3.	परीक्षाओं के माध्यम से नियुक्तियां	8
4.	सीधी भर्ती	10
5.	अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग और अन्य पिछड़े वर्ग के उम्मीदवारों की नियुक्तियां	11
6.	वैज्ञानिकों का मूल्यांकन : कैरियर एडवांसमैंट स्कीम	12
7.	सुधार	13
8.	सूचना का अधिकार अधिनियम – 2005 एवं सी.पी.जी.आर.ए.एम.एस.	15
9.	हिन्दी (राजभाषा) को बढ़ावा	17
10.	महिला सशक्तिकरण	21
11.	विविध	22
12.	सम्मान/पुरस्कार	23

परिशिष्ट

I.	2018.19 के दौरान कृ.वै.च.म. की प्राप्तियां एवं व्यय	26
II.	पिछले पांच वर्षों में बोर्ड के कार्यभार का तुलनात्मक विवरण	27
III(क).	नेट 2018 (I) में विषयवस्तुवार उम्मीदवारों का विवरण	28
III(ख).	नेट 2018 (II) में विषयवस्तुवार उम्मीदवारों का विवरण	30
III(ग).	कृषि अनुसंधान सेवा 2017 परीक्षा में विषयवस्तुवार उम्मीदवारों का विवरण	32
IV.	वर्ष 2018.19 के दौरान भा.कृ.अनु.प के संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत मूल्यांकन के मामले	33
V.	संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार तकनीकी पदों के लिए विभागीय पदोन्नती समितियों (2018–19) का गठन किया गया	35
VI.	संस्थानों की सूची जिनमें कृ.वै.च.मं. द्वारा नियमानुसार कृषि अनुसंधान सेवा वैज्ञानिकों के कैरियर एडवांसमेंट के लिए विभागीय पदोन्नती समितियों (2018–19) का गठन किया गया	37
VII.	वर्ष 2018–19 के दौरान मंडल में स्वीकृत पदों की संख्या	39
VIII.	कार्मिक (नियुक्तियां, पदोन्नतियां, स्थानांतरण, सेवानिवृत्तियां आदि)	40
IX.	दिनांक 31.03.2019 के अनुसार मंडल में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सूची	43

कार्यकारी सारांश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का सदैव यह प्रयास रहा है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विशिष्ट आवश्यकताओं के अनुसार सर्वश्रेष्ठ प्रतिभा को पहचानकर उसकी अनुशंसा की जाए। इस वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19 की अवधि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पुनर्गठन की दृष्टि से विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

इस अवधि के दौरान मंडल ने तीन विज्ञापनों में 136 पद विज्ञापित किए। इनमें से 4 पद परियोजना समन्वयकों के, 101 पद प्रभागाध्यक्षों/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्षों के तथा शेष 31 पद अनुसंधान प्रबंध पदों अर्थात् उप महानिदेशक (3), राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक (3), सहायक महानिदेशक (1), निदेशक (21), राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक (1) तथा परियोजना निदेशकों (2) के थे।

अनुसंधान प्रबंध पदों के लिए विज्ञापित 136 पदों में से निदेशकों के 11 पद प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिए गए। मंडल के विज्ञापन सं. 01/2017, 04/2018 तथा 05/2018 द्वारा विज्ञापित प्रभागाध्यक्षों/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्षों और परियोजना समन्वयकों के अन्य सभी पद तब तक के लिए आस्थगित कर दिए गए हैं जब तक भा.कृ.अ.प. से अगले दिशानिर्देश प्राप्त नहीं हो जाते हैं। ऐसा परिषद के पत्र सं. 95(4)/2018–कार्मिक–III दिनांक 19.11.2018 के पत्र के आधार पर किया गया है।

संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिकों से प्रधान वैज्ञानिकों के ग्रेड में पदोन्नति के लिए 41 विषयों में 102 प्रस्तावों पर विचार किया गया। पाँच विषय नामतः जलजंतुपालन, मत्स्य तथा मात्स्यिकी विज्ञान, पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन और कृषि भौतिकी को छोड़कर सभी विषयों के उम्मीदवारों ने पदोन्नति प्राप्त की।

कृषि अनुसंधान सेवा–2017 (प्राथमिक) और नेट–2018 (I) की संयुक्त परीक्षा भारत के कुल 23 केन्द्रों में 29 विषयों में 195 रिक्तियों के लिए 6–10 अप्रैल 2018 को ऑन–लाइन मोड में ली गई। कुल 28,257 प्रत्याशियों ने परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, जबकि 21,006 प्रत्याशी परीक्षा में शामिल हुए। एआरएस (मुख्य) परीक्षा के लिए कुल 2,555 प्रत्याशी (12.2%) उतीर्ण हुए। भारत के 12 केन्द्रों में 24 जून 2018 को आयोजित मुख्य परीक्षा में 2293 (89.74%) प्रत्याशी वास्तव में उपस्थित हुए तथा श्रेष्ठता सूची के आधार पर 708 प्रत्याशियों को मौखिक परीक्षा के लिए आमंत्रित किया गया।

वर्ष के दौरान देश के 34 केन्द्रों में 57 विषयों की 6–10 अप्रैल 2018 और 27–29 दिसम्बर 2018 को दो नेट परीक्षाएं आयोजित की गईं। प्रथम परीक्षा नेट 2018 (I) तथा एआरएस (प्रारंभिक) 2017 के लिए थी तथा दूसरी केवल नेट 2018 (II) की थी। प्रथम नेट परीक्षा में 59,960 प्रत्याशियों ने पंजीकरण कराया था, जबकि दूसरी नेट परीक्षा के लिए 41,778 प्रत्याशियों ने पंजीकरण कराया था। दोनों परीक्षाओं में क्रमशः 44,962 और 31,233 प्रत्याशी वास्तव में शामिल हुए। प्रथम नेट परीक्षा में 7,771 (17.28%) प्रत्याशी उत्तीर्ण हुए जबकि दूसरी नेट परीक्षा में 4135 प्रत्याशी (13.24%) उत्तीर्ण हुए।

प्रो. (डॉ.) ए.के. श्रीवास्तव तथा कृ.वै.च.मं. के अन्य वरिष्ठ अधिकारी, श्री राधा मोहन सिंह, माननीय अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. तथा केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री को वर्ष 2017–18 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए।

भा.कृ.अ.प. के संस्थानों में तकनीशियन (टी1) के पदों हेतु भर्ती के लिए पूरे भारत के 27 केन्द्रों में 1 जुलाई 2018 को ऑन लाइन मोड में एक सामान्य लिखित परीक्षा आयोजित की गई। कुल 11,797 प्रत्याशियों ने इस परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था और कुल 9204 प्रत्याशी वास्तव में इस परीक्षा में उपस्थित हुए। टी–1 पद के लिए चुने गए 527 प्रत्याशियों के परिणाम

संबंधित संस्थानों को सूचित किए जा चुके हैं।

अवर श्रेणी लिपिक परीक्षा में शामिल हुए 8,128 प्रत्याशियों में से 1037 प्रत्याशी कौशल टंकण परीक्षा में शामिल होने के लिए अनंतिम रूप से योग्य घोषित किए गए। दिनांक 8 सितम्बर 2018 को आयोजित योग्यता कौशल परीक्षण के आधार पर 340 आवेदकों को भा.कृ.अ.प. के 65 संस्थानों में अवर श्रेणी लिपिक के पद पर नियुक्ति के लिए योग्य घोषित किया गया।

आशुलिपिक ग्रेड–3 पद के लिए परीक्षा में शामिल हुए 48,915 प्रत्याशियों में से 1936 प्रत्याशी कौशल परीक्षा में शामिल होने के लिए अनंतिम रूप से योग्य घोषित किए गए । दिनांक 29.10.2018–02.11.2018 को आयोजित योग्यता कौशल परीक्षा के आधार पर 96 पदों के परिणाम 48 संबंधित संस्थानों/कृषि विज्ञान केन्द्रों तथा भा.कृ.अ.प. मुख्यालय को सूचित किए जा चुके हैं ताकि आशुलिपिक ग्रेड–3 पद पर इनकी नियुक्ति की जा सके।

वास्तव में पारदर्शिता किसी भी संगठन की कार्यप्रणाली की कसौटी है। यह विशेष रूप से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल जैसे राष्ट्रीय स्तर के स्वतंत्र भर्ती निकाय के मामले में और भी सटीक ढंग से लागू होता है। चाहे प्रत्याशियों की कार्यपद्धति की समीक्षा करनी हो या साक्षात्कार हो या परीक्षा प्रक्रिया हो अथवा परामर्शकों, परीक्षकों, प्रश्न–पत्र तैयार करने वालों/मूल्यांकनों आदि का पैनल तैयार किया जाना हो, मंडल को आंतरिक संवीक्षा के प्रति सचेत रहना होता है तथा सभी स्तरों पर पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उद्देश्यपरक जांच बिंदु निर्धारित करने होते हैं।

कार्य प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए इस अवधि के दौरान केन्द्रीकृत लोक शिकायत निपटान एवं निवारण प्रणाली और सूचना के अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई सभी सूचना के संबंध में उदाहरण स्थापित करते हुए तत्काल सूचना उपलब्ध कराई है। चाहे यह आरटीआई का मामला हो/कोई शिकायत हो या कृ.वै.च.मं. के शामिल होने से संबंधित विभिन्न न्यायालयों में चल रहा कोई मुकदमा हो, ऐसा कोई भी अवसर नहीं आया है जहां कोई आलोचना या विपरीत टिप्पणी की गई हो अथवा कोई प्रतिकूल निष्कर्ष निकाला गया हो या पर्यवेक्षण किया गया हो। इस अवधि के दौरान मंडल के किसी भी निर्णय के बारे में कोई प्रतिकूल टिप्पणी/निष्कर्ष या पर्यवेक्षण नहीं हुआ है।

इसी प्रकार, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने भारत सरकार की राजभाषा नीति के संदर्भ में भी इस अवधि के दौरान कार्यान्वयन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रत्याशियों को साक्षात्कार में हिन्दी में उत्तर देने के विकल्प के साथ–साथ राजभाषा के उपयोग से संबंधित सभी संभावित सहायता और सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अधिकारियों तथा स्टाफ सदस्यों और विशेषज्ञों/परामर्शकों/प्रश्न–पत्र तैयार करने वालों/मूल्यांकनकर्ताओं सहित आगंतुकों के साथ–साथ मंडल के अधिकारियों व स्टाफ के लाभ के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पुस्तकालय में हिन्दी के विभिन्न क्षेत्रों में सर्वाधिक संख्या में संभावित पुस्तकें उपलब्ध कराई गई हैं। ऑन–लाइन इनपुट और नियमित डिजिटलीकरण के माध्यम से प्रत्येक विषय में प्रश्न बैंक को नियमित रूप से अद्यतन करने, उन्नत बनाने और विस्तृत करने और परामर्शक/विशेषज्ञ डेटाबेस तैयार करने के लिए इस अवधि के दौरान विशेष अभियान चलाया गया।

रिपोर्ट अवधि के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल ने केवल परीक्षा/आवेदन शुल्क के माध्यम से ही 191.88 लाख रुपये से अधिक की रिकॉर्ड राशि प्राप्त की है। यह इस तथ्य का संकेत है कि जनशक्ति की गहन कमी के बावजूद मंडल में भारी मात्रा में कार्य सम्पन्न किया गया। चूंकि अत्यधिक जवाबदेही संबंधी पहलुओं के कारण मुख्य भर्ती संबंधी कार्यों को निविदा पर नियुक्त किए गए स्टाफ पर नहीं छोड़ा जा सकता है, अतः कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में विशेष रूप से सहायकों जैसे कार्यशील स्तरों पर नियमित पर्याप्त जनशक्ति उपलब्ध कराने के लिए उच्च प्राथमिकता के आधार पर कुछ न कुछ किए जाने की आवश्यकता है।

स्वतंत्र कार्यालय भवन का न होना मंडल की कार्य प्रणाली के मार्ग में आने वाली एक अन्य बाधा है। ऐसी आशा है कि कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का कार्यालय भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान परिसर में इस उद्देश्य के लिए उपलब्ध कराए गए 2.05 एकड़ की भूमि पर बने अपने कार्यालय भवन में 2021 तक चला जाएगा। मंडल ने केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को यह कार्य सौंप दिया है जो संबंधित विनिमायक प्राधिकारियों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्राप्त कर रहा है।

प्रस्तावना

01

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के लिए एक स्वतंत्र निकाय कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की स्थापना भारत सरकार द्वारा 1973 में की गई थी जिसके संस्थापक अध्यक्ष संघ लोक सेवा आयोग के सदस्य डॉ. एम.एल. सहारे थे।

अब भारत सरकार ने 1 अगस्त 2018 को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जारी अधिसूचना सं. 25/सीएम/2018(i) दिनांक 06.08.2018; मामला सं. 213/25/2018 (मद सं.–7) द्वारा लिए गए एक निर्णय में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय को 9 अगस्त 2018 को औपचारिक रूप से भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित किया गया है।

परिणामस्वरूप कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से पृथक करके भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) से सम्बद्ध कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त पुनर्गठित मंडल में अब चार सदस्य होंगे जिनमें अध्यक्ष तथा तीन सदस्य शामिल हैं। मंडल के सचिव के पद को प्रौन्नत करके भारत सरकार के संयुक्त सचिव के समतुल्य कर दिया गया है तथा इसे केन्द्रीय स्टाफिंग स्कीम/केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरा जाएगा। इसके सचिवालय में प्रशासनिक स्टाफ का अपना कैडर होगा तथा कथित कैडर पर स्वतंत्र प्रशासनिक नियंत्रण होगा। कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग में कृ.वै.च.मं. के लिए पृथक बजट सृजित किया गया है।

अधिदेश के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल भा.कृ.अ.प. मुख्यालय तथा देशभर में मौजूद इसके अनुसंधान संस्थानों के लिए सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता वाले वैज्ञानिकों तथा अन्य प्रबंधन वैज्ञानिकों की भर्ती में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अतिरिक्त मंडल परिषद को मानव संसाधन विकास से संबंधित नीतियों को विकसित करने व उन्हें लागू करने तथा कृषि अनुसंधान सेवा या एआरएस वैज्ञानिकों के लिए वृत्ति प्रगत योजनाओं से संबंधित नीतियां विकसित और लागू करने में मुख्य भूमिका निभाता है। अब से लगभग 45 वर्ष पूर्व के अपने स्थापना काल से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल प्रतिभा–खोज कार्यनीतियों को सुधारने तथा परिशोधित करने की दिशा में प्रयासरत है, ताकि राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली की उभरती हुई तथा विद्यमान आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके।

अधिदेश

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का अधिदेश भा.कृ.अ.प. तथा देशभर में मौजूद इसके संस्थानों में विभिन्न पदों के लिए सर्वश्रेष्ठ मानव संसाधन उपलब्ध कराना है। मंत्रिमंडल के निर्णय के अनुसार आरंभ में मंडल को निम्नलिखित उत्तरदायित्व सौंपे गए थे।

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में कृषि अनुसंधान सेवा (एआरएस) के विभिन्न पदों तथा समय–समय पर अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. द्वारा विशिष्टीकृत पदों एवं सेवाओं पर नियुक्ति करना।
- अध्यक्ष, भा.कृ.अ.प. द्वारा अपेक्षित पदोन्नतियों सहित कार्मिक मामलों में परिषद को सहायता प्रदान करना।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के माध्यम से भर्ती किए गए कार्मिकों के अनुशासन संबंधित मामलों में परिषद को परामर्श देना और मंडल के परामर्श से परिषद द्वारा कार्मिकों की नियुक्ति।
- उपरोक्त के परिणामस्वरूप एआरएस के अखिल भारतीय सेवा के रूप में सृजित होने के पश्चात् मंडल को निम्नलिखित उत्तरदायित्व और सौंपे गए।
- अखिल भारतीय प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से एआरएस के वैज्ञानिकों की प्रवेश स्तर पर भर्ती करना।
- भा.कृ.अ.प. के विद्यमान वैज्ञानिकों को एआरएस के आरंभिक गठन के पश्चात् एआरएस में इंडक्ट करना।
- मेरिट प्रमोशन तथा एआरएस के अन्य वैज्ञानिकों को अग्रिम वेतनवृद्धि दिए जाने के लिए उनका मूल्यांकन करना।

इसके अतिरिक्त कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को अन्य तकनीकी सेवा संबंधी पदों और इसके साथ–साथ प्रशासनिक एवं लेखा प्रबंध संबंधी पदों जैसे प्रशासनिक अधिकारियों/वित्त एवं लेखा अधिकारियों, सहायक निदेशक (राजभाषा) की भर्ती का कार्य भी सौंपा गया है।

मंडल 57 अनुमोदित विषयों में राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा सम्पन्न कराता है जिसे उत्तीर्ण करना राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में सहायक प्राध्यापक/व्याख्याता के रूप में आरंभिक नियुक्ति की पूर्व शर्त है।

संगठन

मंडल में अध्यक्ष तथा तीन सदस्य हैं जिन्हें सचिव की सहायता प्राप्त होती है। अपने उत्तरदायित्वों का प्रभावी रूप से निर्वाह करने के लिए मंडल में परीक्षा नियंत्रक, पांच उप सचिवों/उप निदेशक वित्त और इसके साथ–साथ वित्तीय, प्रशासनिक एवं तकनीकी कार्मिकों की सहायता भी उपलब्ध है।

31 मार्च 2019 को मंडल के अधिकारियों तथा स्टाफ की कुल स्वीकृत संख्या 84 थी (परिशिष्ट IX)। इस संख्या के होते हुए भी केवल 40 नियमित कर्मचारी तैनात थे। 1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 की अवधि के दौरान अपने पदों पर तैनात मंडल के अधिकारियों तथा स्टाफ की सूची परिशिष्ट–IX में दी गई।

व्यय

1 अप्रैल 2018 से 31 मार्च 2019 की अवधि के दौरान मंडल द्वारा 1329.14 लाख रुपये की राशि व्यय की गई।

गतिविधियां

अधिदेशित कार्यों को सम्पन्न करने के लिए मंडल द्वारा अनेक गतिविधियां चलाई गईं। इन गतिविधियों का विस्तृत ब्यौरा तथा पिछले 5 वर्षों के दौरान पूरी की गई गतिविधियों का विवरण परिशिष्ट II में दिया गया है।

रिपोर्ट अवधि के दौरान परिषद को अनुशासनिक मामलों में परामर्श, नियम II (5) जिसे नियम 15 (5) के साथ पढ़ा जाना है, के अंतर्गत अस्थायी नियुक्ति अथवा सेवा मामलों से संबंधित किसी भी अन्य मुद्दे के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद से कोई भी संदर्भ प्राप्त नहीं हुआ।

पुनर्गठित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का संगठनात्मक ढांचा



वर्ष 2018-19 के दौरान सम्पन्न गतिविधियों का सारांश

	गतिविधियां	संख्या
I.	**साक्षात्कारों द्वारा भर्ती (सीधी भर्ती)**	
	◆ वे पद जिन पर भर्ती पिछले वर्षों से लंबित थी	28
	◆ वे पद जिनके लिए वर्तमान वर्ष के दौरान मांग प्राप्त हुई थी	31
	◆ भा.कृ.अ.प. द्वारा वापस लिए गए पद	11
	◆ वे पद जिन पर भर्ती का कार्य पूरा हो चुका है	00
	◆ विभिन्न पदों के लिए प्राप्त आवेदन	1366
	◆ साक्षात्कार के लिए बुलाए गए प्रत्याशी	0
	◆ वे प्रत्याशी जिनका साक्षात्कार लिया गया	0
	◆ नियुक्ति के लिए अनुशंसित प्रत्याशी	0
	◆ वे मामले जहां कोई भी प्रत्याशी नियुक्ति के योग्य नहीं पाया गया	0
	◆ वे मामले जिनमें कोई भी प्रत्याशी साक्षात्कार के लिए उपस्थित नहीं था।	0
	◆ वर्ष के दौरान विज्ञापित विभिन्न पदों के लिए छांटे गए आवेदन	0
	◆ वे पद जिन पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है	164
	◆ विज्ञापित पदों की संख्या	136
II.	**परीक्षाओं द्वारा भर्ती**	
(i)	**प्रवेश स्तर के वैज्ञानिकों के लिए आयोजित एआरएस परीक्षा, 2017**	
	◆ एआरएस प्रारंभिक परीक्षा के लिए पंजीकरण आवेदकों की संख्या	28,257
	◆ एआरएस प्रारंभिक परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	21,006
	◆ एआरएस मुख्य परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	2,555
	◆ एआरएस मुख्य परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	2293
	◆ मौखिक परीक्षा के लिए पात्र प्रत्याशियों की संख्या	708
(ii)	**नेट प्रमाण पत्र के लिए आयोजित नेट परीक्षा–2018 (I)**	
	◆ नेट के लिए पंजीकृत आवेदकों की संख्या	59,960
	◆ नेट परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	44,962
	◆ नेट प्रमाण–पत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	7,771
	नेट प्रमाण पत्र के लिए आयोजित नेट परीक्षा–2018 (II)	
	◆ नेट के लिए पंजीकृत आवेदकों की संख्या	41,778
	◆ नेट परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	31,233
	◆ नेट प्रमाण–पत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	4135
(iii)	**भा.कृ.अ.प. मुख्यालय के लिए अवर श्रेणी लिपिक तथा भा.कृ.अ.प. मुख्यालय, भा.कृ.अ.प. के संस्थानों व कृषि विज्ञान केन्द्रों के लिए आशुलिपिक ग्रेड–III परीक्षा 2017**	
	◆ अवर श्रेणी लिपिक पद	वापस लिए गए
	◆ भरे गए आशुलिपिक ग्रेड–III पद	93
(iv)	**भा.कृ.अ.प. संस्थानों के लिए अवर श्रेणी लिपिक (सीधी भर्ती) परीक्षा 2016**	
	◆ भरे गए पद	238

	गतिविधियां	संख्या
(v)	**उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी) के लिए सीमित विभागीय परीक्षा**	
	◆ पदों की संख्या	7
	◆ आवेदन करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	3
	◆ परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	1
	◆ भरे गए पद	1
(vi)	**टी–1 परीक्षा**	
	◆ आवेदन करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	11,797
	◆ परीक्षा में उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	9,204
	◆ भरे गए पद	527
III.	**मूल्यांकन तथा मूल्यांकन के लिए समीक्षा**	
	मूल्यांकन	
	◆ संशोधित केरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत प्रधान वैज्ञानिक ग्रेड के लिए वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन	102
	मूल्यांकनों की समीक्षा	1

महत्वपूर्ण कार्यक्रम

स्वच्छता ही सेवा

इस वर्ष के दौरान कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल द्वारा कृषि अनुसंधान भवन–I में 15 सितम्बर 2018 से 2 अक्तूबर 2018 तक 'स्वच्छता ही सेवा' सप्ताह मनाया गया। सभी कर्मचारियों ने 'स्वच्छता' की शपथ ली। इसके पश्चात् 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के एक अंग के रूप में संविदा स्टाफ सहित कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सभी स्टाफ सदस्यों/अधिकारियों ने कृषि अनुसंधान भवन–I के चारों ओर सफाई की। सभी स्टाफ सदस्य/अधिकारी स्वच्छता को अपनाते रहे हैं तथा पूरे वर्षभर कार्यालय परिसर में स्वच्छ तथा साफ वातावरण सुनिश्चित करते आ रहे हैं।

कृषि अनुसंधान भवन–I में 'स्वच्छता अभियान'

सदभावना दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री राजीव गांधी की जयंती के उपलक्ष में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सभी अधिकारियों व स्टाफ सदस्यों व भा.कृ.अ.प. के अन्य प्रभागों, कैब–I व कैब–II के कार्मिकों ने 20 अगस्त 2018 को 'सदभावना दिवस' शपथ ली।

राष्ट्रीय एकता दिवस

सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के उपलक्ष में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के सभी अधिकारियों व स्टाफ सदस्यों व भा.कृ.अ.प. के अन्य प्रभागों, कैब–I व कैब–II के कार्मिकों ने 31 अक्तूबर 2018 को 'राष्ट्रीय एकता दिवस' शपथ ली।

राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

सतर्कता जागरूकता सप्ताह

केन्द्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुपालन में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल में 29 अक्तूबर– 3 नवम्बर 2018 के दौरान सतर्कता जागरूकता सप्ताह अति उत्साह एवं सक्रिय भागीदारी के साथ आयोजित किया गया। इस वर्ष के मुख्य विषय–''भ्रष्टाचार उन्मूलन–नए भारत का निर्माण'' के प्रचार–प्रसार के लिए अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं।

सप्ताह का शुभारंभ कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष डॉ. ए. के. श्रीवास्तव द्वारा कृषि अनुसंधान भवन–I और II के सभी अधिकारियों और स्टाफ सदस्यों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर हुआ।

इस सप्ताह के दौरान अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं जो इस वर्ष के मुख्य विषय से संबंधित थीं। ये गतिविधियां–काव्य पाठ प्रतियोगिता, निबंध लेखन तथा पोस्टर तैयार करने की प्रतियोगिता थीं। सभी कर्मचारियों ने इन कार्यक्रमों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट)

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) 2018 (I) और (II)

नेट राज्य कृषि विश्वविद्यालयों तथा कृषि संकाय युक्त अन्य सामान्य विश्वविद्यालयों में व्याख्याताओं/सहायक प्राध्यापक के पद पर भर्ती के लिए पात्रता निर्धारित करने की एक पूर्व अर्हता है। वर्ष के दौरान देशभर में मौजूद 34 केन्द्रों में कुल 57 विषयों में ऑन लाइन मोड में दो नेट परीक्षाएं आयोजित की गईं जो क्रमशः 6–10 अप्रैल 2018 व 27–29 दिसम्बर 2018 को आयोजित हुई थीं। जबकि नेट 2018 (II) तथा एआरएस (प्रारंभिक) 2017 के लिए एक सम्मिलित परीक्षा आयोजित की गई और दूसरी केवल नेट 2018 (II) के लिए आयोजित की गई थी। प्रथम नेट परीक्षा में 59,960 प्रत्याशी पंजीकृत हुए थे, जबकि दूसरी नेट परीक्षा के लिए 41,778 प्रत्याशी पंजीकृत हुए। इनमें से इन दोनों परीक्षाओं में वास्तव में क्रमशः 44,962 और 31,233 प्रत्याशी उपस्थित हुए। प्रथम नेट परीक्षा में 7,771 (17.28%) प्रत्याशी योग्य पाए गए, जबकि दूसरी नेट परीक्षा में 4135 (13.24%) प्रत्याशी ही अर्हता प्राप्त कर सके।

दोनों परीक्षाओं में योग्यता प्राप्त प्रत्याशियों का सर्वोच्च प्रतिशत कुक्कुट विज्ञान विषय में था (63.78%) जिसके पश्चात् क्रमशः पशु चिकित्सा शरीररचना विज्ञान (54.55%), पशु पोषण (50.36%), मत्स्य आनुवंशिकी एवं प्रजनन (48.05%), पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन (45.36%), पशु पुनरूत्पादन एवं मादा रोग विज्ञान (44.25%), पशु चिकित्सा जन–स्वास्थ्य (38.52%) का स्थान था जबकि प्रत्याशियों का न्यूनतम प्रतिशत (0.52%) खाद्य प्रौद्योगिकी विषय में था। चार विषयों नामतः गृह विज्ञान, फार्म मशीनरी एवं शक्ति, कृषि व्यापार प्रबंध और जैव सूचना विज्ञान में सफलता की दूर 6% से कम थी।



वर्ष 2018 में आयोजित नेट–I और नेट–II परीक्षाओं का विवरण

नेट 2018 (II) ऑनलाइन परीक्षा का एक दृश्य

प्रत्याशियों का प्रमुख विषयवार विवरण

प्रमुख विषय	नेट–2018 (I)			नेट–2018 (II)		
	पंजीकृत उम्मीदवार	उपस्थित उम्मीदवार	अर्हता का प्रतिशत	पंजीकृत उम्मीदवार	उपस्थित उम्मीदवार	उत्तीर्णता प्रतिशत
फसल विज्ञान	25000	18565	19	16724	12417	13
बागवानी विज्ञान	4768	3621	34	3535	2656	19
प्राकृतिक संसाधन प्रबंध	9768	7637	8	7327	5601	19
पशु विज्ञान	5676	4176	31	3863	2897	15
मात्स्यिकी विज्ञान	1442	1057	11	1215	923	19
कृषि अभियांत्रिकी	6938	3733	11	3592	2686	7
सामाजिक विज्ञान	6368	6173	8	5522	4053	6

आंकड़ों के विश्लेषण से यह स्पष्ट हुआ कि दोनों परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त करने वाले कुल 11906 प्रत्याशियों में से 3065 (26%) दस राज्य कृषि विश्वविद्यालयों (तमिल नाडु कृषि विश्वविद्यालय, कोयम्बत्तूर; गोविंद वल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, बंगलुरू; केरल कृषि विश्वविद्यालय, त्रिशूर; उड़ीसा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर; कृषि विज्ञान विश्वविद्यालय, धारवाड़; इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर; पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना; आचार्य एन.जी. रंगा कृषि विश्वविद्यालय, हैदराबाद; और नवसारी कृषि विश्वविद्यालय, नवसारी) के, 4312 (36%) अन्य राज्य कृषि विश्वविद्यालयों के, 3328 (28%) कृषि संकाय युक्त सामान्य विश्वविद्यालयों के, 1027 (9%) मानद विश्वविद्यालयों (भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली; भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर; राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल व केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान, मुम्बई) तथा 174 केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालयों से थे।



प्रत्याशियों का संगठनवार निष्पादन



नेट परीक्षा 2018 (I और II) में सफल प्रत्याशियों का विश्वविद्यालयवार विवरण



नेट परीक्षा 2018 में भा.कृ.अ.प. के मानद विश्वविद्यालयों का निष्पादन

दोनों परीक्षाओं में योग्य 11,906 प्रत्याशियों में से लगभग 66% प्रत्याशी दस राज्यों (कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, तमिल नाडु, महाराष्ट्र, केरल, राजस्थान, ओडिशा, गुजरात, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल) से थे।



नेट परीक्षा 2018 में राज्यवार निष्पादन

- दोनों परीक्षाओं में अर्हता प्राप्त 11,906 प्रत्याशियों में से 49.32% महिला प्रत्याशी थी और 61% ग्रामीण क्षेत्रों से थे।



नेट परीक्षा 2018 (I) और (II) में सफल प्रत्याशियों का लिंगवार विवरण

परीक्षा के माध्यम से भर्ती

03

कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा-2017

वर्ष के दौरान भारत में स्थित 23 केन्द्रों में 29 विषयों में 195 पदों के लिए 06–10 अप्रैल 2018 को कृषि अनुसंधान सेवा–2017 (प्रारंभिक) और नेट–2018 (I) संयुक्त परीक्षा ऑन लाइन मोड में आयोजित की गई। इसमें परीक्षा हेतु 28,257 प्रत्याशी पंजीकृत हुए तथा 21,006 प्रत्याशी परीक्षा में उपस्थित हुए। कुल 2,555 प्रत्याशी (12.2%) एआरएस (मुख्य) परीक्षा के लिए योग्य पाए गए। भारत के 12 केन्द्रों में 24 जून 2018 को आयोजित मुख्य परीक्षा में 2293 प्रत्याशी वास्तव में उपस्थित हुए।



कृषि अनुसंधान सेवा परीक्षा–2017 का विवरण

कुल 195 रिक्तियों के लिए 708 प्रत्याशी मौखिक परीक्षा या साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए गए। इस संदर्भ में निर्धारित न्यूनतम अर्हता अंक प्राप्त न कर पाने के कारण 1:5 के अनुपात का अनुपालन नहीं किया जा सका क्योंकि इस अनुपात में प्रत्याशी उपलब्ध नहीं थे। इन विषयों का विवरण नीचे तालिका में दिया हुआ है। मौखिम परीक्षा का आयोजन मई माह में निर्धारित किया गया है।

विषय	रिक्तियां	मौखिक परीक्षा के लिए योग्य	1:5 अनुपात के अनुसार वांछित संख्या
पादप जैवरसायनविज्ञान	9	36	45
मात्स्यिकी संसाधन प्रबंध	6	29	30
कृषि रसायन	5	17	25
कृषि वानिकी	04	06	20
कृषि अर्थशास्त्र	16	59	80
कृषि विस्तार	06	28	30
कृषि सांख्यिकी	09	09	45
पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन	7	32	35
फार्म मशीनरी एवं पावर	09	39	45
कम्प्यूटर अनुप्रयोग एवं सूचना प्रौद्योगिकी	22	18	110
जैव सूचना विज्ञान	11	11	55
कृषि संरचना एवं प्रसंस्करण अभियांत्रिकी	12	22	60

तकनीशियनों (टी1) के लिए सामान्य लिखित परीक्षा

भा.कृ.अ.प. के संस्थानों में तकनीशियन (टी1) के पदों को भरने के लिए भारत के 27 केन्द्रों में 1 जुलाई 2018 को ऑन

लाइन पद्धति से एक सामान्य लिखित परीक्षा आयोजित की गई। कुल 11,797 प्रत्याशी परीक्षा के लिए पंजीकृत हुए तथा 9204 प्रत्याशी वास्तव में परीक्षा में शामिल हुए। टी 1 पद के लिए चुने गए 527 प्रत्याशियों के परिणाम संबंधित संस्थानों को भेज दिए गए हैं।

आशुलिपिक ग्रेड-III परीक्षा, 2017

भा.कृ.अ.प. मुख्यालय, नई दिल्ली तथा देशभर में फैले कृषि विज्ञान केन्द्रों में मौजूद रिक्तियों सहित परिषद के संस्थानों के लिए आशुलिपिक ग्रेड–III के 96 पद भरने के लिए एक अखिल भारतीय खुली प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई।



आशुलिपिक ग्रेड–III परीक्षा, 2017 का विवरण



अवर श्रेणी लिपिक परीक्षा 2016 का विवरण

इस परीक्षा में उपस्थित होने वाले 48,915 प्रत्याशियों में से 1936 प्रत्याशियों को कौशल परीक्षा में उपस्थित होने के लिए अनंतिम रूप से योग्य घोषित किया गया। दिनांक 29.10.2018–02.11.2018 को आयोजित अर्हकता कौशल परीक्षा के आधार पर 48 संबंधित संस्थानों/कृषि विज्ञान केन्द्रों को 93 पदों के परिणाम आशुलिपिक ग्रेड–III के रूप में नियुक्ति के लिए अवगत कराए जा चुके हैं।

भा.कृ.अ.प. के संस्थानों के लिए अवर श्रेणी लिपिक (सीधी भर्ती) परीक्षा-2016

भा.कृ.अ.प. के संस्थानों में अवर श्रेणी लिपिक के 238 पदों को भरने के लिए ऑन लाइन मोड में परीक्षा आयोजित की गई। परीक्षा में उपस्थित होने वाले 8,128 प्रत्याशियों में से 1037 प्रत्याशियों को कौशल टंकण परीक्षा में शामिल होने के लिए अनंतिम रूप से योग्य घोषित किया गया। दिनांक 8 सितम्बर 2018 को आयोजित अर्हकता कौशल परीक्षा के आधार पर 340 आवेदकों को भा.कृ.अ.प. के 65 संस्थानों में अवर श्रेणी लिपिक के पदों पर नियुक्त किए जाने हेतु विचार करने के लिए योग्य घोषित किया गया।

सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा-2018

इस अवधि के दौरान उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी) के पदों को भरने के लिए 16.11.2018 को सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा आयोजित की गई। इसका विवरण निम्नानुसार है :

पद	रिक्तियां	आवेदन करने वाले प्रत्याशियों की संख्या	उपस्थित होने वाले प्रत्याशियों की संख्या	चुने गए प्रत्याशियों की संख्या
उच्च श्रेणी लिपिक (यूडीसी)	07	03	01	01
कुल	**07**	**03**	**01**	**01**

सीधी भर्ती

04

रिपोर्ट अवधि के दौरान तीन विज्ञापनों में 136 पद विज्ञापित किए गए। इनमें से चार पद परियोजना समन्वयकों के, 101 पद प्रभागाध्यक्षों/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्षों के थे, शेष 31 पद अनुसंधान प्रबंध संबंधित अर्थात् उप महानिदेशक (3), राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक (3), सहायक महानिदेशक (1), निदेशक (21), राष्ट्रीय संस्थानों के संयुक्त निदेशक (1) तथा दो पद परियोजना निदेशकों के थे।

अनुसंधान प्रबंध संबंधी विज्ञापित 136 पदों में से निदेशक के 11 पद प्रशासनिक कारणों से वापस ले लिए गए।

वर्ष 2018-19 के दौरान विज्ञापित विभिन्न वैज्ञानिक पदों का पदवार ब्यौराः

विज्ञापित पद	03/2018	04/2018	05/2018	कुल
उप महानिदेशक	3	-	-	3
राष्ट्रीय संस्थानों के निदेशक	3	-	-	3
सहायक महानिदेशक	1	-	-	1
निदेशक	21	-	-	21
परियोजना निदेशक	2	-	-	2
राष्ट्रीय संस्थान का संयुक्त निदेशक	1	-	-	1
परियोजना समन्वयक	-	4	-	4
प्रभागाध्यक्ष/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्ष	-	44	57	101
कुल	**31**	**48**	**57**	**136**

मंडल द्वारा विज्ञापन सं. 01/2017, 04/2018 और 05/2018 के माध्यम से प्रभागाध्यक्षों/क्षेत्रीय केन्द्रों के अध्यक्षों तथा परियोजना समन्वयकों के सभी पदों पर भर्ती संबंधी कार्य इस संबंध में परिषद से और निर्देश प्राप्त होने तक स्थगित कर दिया गया क्योंकि ऐसा भा.कृ.अ.प. के दिनांक 19.11.2018 के पत्र संख्या 95(4)/2018–कार्मिक–III में कहा गया था।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व दिव्यांग व्यक्तियों की श्रेणियों के अंतर्गत आने वाले प्रत्याशियों की भर्ती

05

परीक्षा द्वारा भर्ती

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग व्यक्तियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत आने वाले प्रत्याशियों को भा.कृ.अ.प./भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार भर्ती के लिए अनुशंसित किया गया। इन विशेष श्रेणियों के अंतर्गत चुने गए प्रत्याशियों तथा प्रत्येक श्रेणी के लिए मौजूद रिक्तियों की संख्या का विवरण नीचे दिया गया है:

आशुलिपिक ग्रेड-III के लिए अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों के पदों का वर्गवार वितरण

श्रेणी	विज्ञापित पद	वास्तव में भरे गए
अनुसूचित जाति	09	09
अनुसूचित जनजाति	04	04
दिव्यांग	07	02
अन्य पिछड़ा वर्ग	15	15
कुल	**35**	**30**

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, दिव्यांग व्यक्तियों तथा अन्य पिछड़ा वर्ग की श्रेणी के लिए उपलब्ध 35 रिक्तियों में से दिव्यांग श्रेणी के केवल 5 पद उचित व योग्य प्रत्याशी उपलब्ध न होने के कारण नहीं भरे जा सके।

वैज्ञानिकों का मूल्यांकन : कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस)

06

संशोधित केरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत वरिष्ठ वैज्ञानिकों का मूल्यांकन/ पदोन्नति

भा.कृ.अ.प. के विभिन्न संस्थानों से वरिष्ठ वैज्ञानिकों को 41 विषयों में संशोधित कैरियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत पदोन्नति करने के लिए भा.कृ.अ.प. के संस्थानों से 102 प्रस्ताव प्राप्त हुए। पादप प्रजनन विषय में एक समीक्षा मामला प्राप्त हुआ जिसका भी मूल्यांकन किया गया। इसके लिए 20 अगस्त 2018 से 1 दिसम्बर 2018 तक साक्षात्कार लिए गए।

इस मूल्यांकन के परिणाम से यह प्रदर्शित हुआ है कि 85% प्रत्याशी अपनी निर्धारित तिथि से पदोन्नत हुए जबकि 10% अगली उच्च श्रेणी की पदोन्नतियों को आस्थगित कर दिया गया।



पदोन्नति के लिए मूल्यांकित प्रत्याशियों का निष्पादन

आंकड़ों के विश्लेषण से यह प्रदर्शित हुआ कि छह विषयों नामतः जलजंतुपालन, मत्स्य एवं मात्स्यिकी विज्ञान, पशु आनुवंशिकी एवं प्रजनन, आनुवंशिकी एवं पादप प्रजनन, कृषि भौतिकी, आर्थिक वनस्पतिविज्ञान को छोड़कर शेष सभी विषयों के प्रत्याशियों को पदोन्नतियां प्राप्त हुईं। प्रमुख विषयवार विवरण निम्नानुसार है

प्रमुख विषय	प्रस्ताव जिन पर कार्रवाई की गई	पदोन्नति (आस्थगित पदोन्नति सहित)
फसल विज्ञान	29	28
बागवानी विज्ञान	7	7
पशु विज्ञान	23	22
मात्स्यिकी विज्ञान	10	8
प्राकृतिक संसाधन प्रबंध	16	15
सामाजिक विज्ञान	10	10
कृषि अभियांत्रिकी	7	7
कुल	**102**	**97**

1. कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का पुनर्गठन

भारत सरकार ने 1 अगस्त 2018 को हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में जारी अधिसूचना सं. 25/सीएम/2018(i) दिनांक 06.08.2018; मामला सं. 213/25/2018 (मद सं.–7) द्वारा लिए गए एक निर्णय में कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के पुनर्गठन को मंजूरी दे दी है। इस निर्णय को 9 अगस्त 2018 को औपचारिक रूप से भारत सरकार के राजपत्र में अधिसूचित किया गया है।

(i) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल (एएसआरबी) में चार सदस्यों का निकाय होगा जिसमें एक अध्यक्ष व तीन सदस्य होंगे।

(ii) मंडल का अध्यक्ष निम्न में से चुना जाएगा :

(क) पीएच.डी. उपाधि प्राप्त सेवा से निवृत्त वैज्ञानिक या तकनीकी विद या शिक्षाविद जिसे लोक सेवक के रूप में सेवा करने का 25 वर्ष का अनुभव हो या सेवानिवृत्त व्यक्ति जिसे सार्वजनिक प्रशासन या कृषि अथवा संबंधित क्षेत्रों में कम से कम 25 वर्ष का अनुभव हो।

(ख) इसके लिए चयन कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के विद्यमान निर्देशों के अनुसार मंत्रालय/विभाग द्वारा नियुक्त उच्च स्तरीय खोज–व–चयन समिति द्वारा किया जाना चाहिए।

(ग) इस प्रकार चुने गए अध्यक्ष का अपने पिछले संगठन में कोई ग्रहणाधिकार नहीं होना चाहिए। अध्यक्ष का दर्जा भारत सरकार के सचिव के पद के समतुल्य होगा और उसे उचित वेतन व लाभ प्रदान किए जाएंगे।

(iii) मंडल के तीन अन्य सदस्य 7वें केन्द्रीय वेतन आयोग के वेतन लेवल 14 के समतुल्य पद या प्राध्यापक के समतुल्य पद पर कार्यरत वैज्ञानिकों में से चुने जाएंगे जिन्हें विषयों के निम्न तीन समूहों में से किसी एक विषय में कम से कम 20 वर्ष का अनुभव होगा।

(क) फसल विज्ञान एवं बागवानी विज्ञान सहित पादप विज्ञान समूह

(ख) पशु विज्ञान एवं मात्स्यिकी विज्ञान समूह

(ग) प्राकृतिक संसाधन प्रबंध, कृषि अभियांत्रिकी, कृषि विस्तार, कृषि शिक्षा, कृषि अर्थशास्त्र और कृषि सांख्यिकी जैसी सामाजिक विज्ञान

(iv) जो उभरते हुए विषय उपरोक्त तीन समूहों के अंतर्गत नहीं आते हैं उन्हें कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की स्वीकृति से विषयों के उपरोक्त तीनों समूहों में से किसी भी एक समूह में शामिल किया जा सकता है।

(v) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष तथा सदस्यों के वेतन लेवल निम्नानुसार होंगे :

(क) अध्यक्ष, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल–लेवल–17; मूल वेतन 2,25,000/–रु. (निर्धारित)

(ख) सदस्य, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल–लेवल–16, मूल वेतन 2,05,400–2,24,400/–रु.

(vi) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के अध्यक्ष एवं सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष या 65 वर्ष की आयु, इनमें से जो भी पहले हों, होगा।

(vii) स्वायत्तता, गोपनीयता, जवाबदेही तथा कुशल कार्य संचालन के उद्देश्य से कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का सचिवालय में प्रशासनिक स्टाफ का अपना संवर्ग (केडर) होगा तथा इसका स्वतंत्र प्रशासनिक नियंत्रण होगा। इसे भा.कृ.अ.प. के स्टाफ से होने वाली तैनाती के विद्यमान प्रावधान से मुक्त किया जाएगा। मंडल के सभी स्टाफ के लिए कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल नियोक्ता तथा अनुशासनिक प्राधिकरण होगा।

(viii) सचिव, कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का पद वेतन लेवल 14 में संयुक्त सचिव के स्तर का होगा तथा प्रारंभिक वेतन 1,44,200 रु. होगा जिसके लिए केन्द्रीय स्टाफिंग योजना के माध्यम से भरे जाने का प्रावधान किया जाएगा। सचिव समस्त प्रशासनिक, वित्तीय, समन्वयन, पर्यवेक्षण, अनुशासनिक एवं सतर्कता संबंधी मामलों का प्रमुख होगा तथा मंडल के स्वतंत्र कार्य संचालन के लिए मंडल के अध्यक्ष व सदस्यों को आवश्यक परिचालनीय सहायता उपलब्ध कराएगा।

(ix) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल का मध्य प्रबंधन उप सचिव/निदेशक की श्रेणी का होगा तथा इससे संबंधित पदों को

भा.कृ.अ.प. के अवर सचिवों की पदोन्नति और केन्द्रीय स्टाफिंग योजना की प्रतिनियुक्ति से 40:60 के अनुपात में भरा जाएगा। बाहरी अनुभवी मेन पावर मध्यम स्तर के प्रबंधन की कुशलता बढ़ाने में सहायता पहुंचाएगी। कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल सीसीएस (सीसीए) नियमावली, 1965 के संदर्भ में नियंत्रणकारी प्राधिकरण तथा अनुशासनिक प्राधिकरण होगा।

(x) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल प्रशासनिक स्टाफ के लिए नियोक्ता/नियंत्रणकर्ता एवं अनुशासनिक प्राधिकरण होगा।

(xi) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल उपरोक्त प्रशासनिक स्टाफ के लिए भर्ती नियमावली (आरआर) बनाएगा जिसके लिए वह केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री की स्वीकृति से कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग के दिशानिर्देशों/अनुदेशों का पालन करेगा।

(xii) कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल को भा.कृ.अ.प. से विसम्बद्ध करके कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग (डेयर) से सम्बद्ध किया जाएगा। मंडल के बजट को भा.कृ.अ.प. के बजट से अलग करके डेयर के अंतर्गत सृजित किया जाएगा।

2. ऑन लाइन परीक्षाएं

कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल धीरे–धीरे अब एआरएस (मुख्य) परीक्षा को छोड़कर कम्प्यूटर आधारित परीक्षा पद्धति पर लिखित परीक्षा लेने लगा है। वर्ष के दौरान मंडल द्वारा तीन परीक्षाएं अर्थात् एआरएस–2017 (प्रारंभिक) और नेट–2018 (I और II) के अलावा टी–1 परीक्षा, आशुलिपिक ग्रेड–III के लिए कौशल परीक्षा और एलडीसी–2016 परीक्षा आयोजित की गई। इन परीक्षाओं का विवरण नीचे दिया गया है :

क्र. सं.	परीक्षाएं	पंजीकृत प्रत्याशियों की संख्या
1	एआरएस–2017 (प्रारंभिक) और नेट–2018 (I)	65,966
2	टी–1 परीक्षा	11,797
3	आशुलिपिक ग्रेड–III–2017 की कौशल परीक्षा में सफल प्रत्याशी	1936
4	एलडीसी–2016 की कौशल परीक्षा के लिए सफल प्रत्याशी	1037
5	नेट–2018 (II)	41,778
	कुल	**1,22,778**

सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 तथा केन्द्रीकृत सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली का कार्यान्वयन

08

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005

प्रणाली में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए मंडल ने सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार निर्धारित समय के अंतर्गत आरटीआई अधिनियम के अंतर्गत विभिन्न अनुरोधों और अपीलों के प्रति संतोषजनक रूप से कार्रवाई की है। तद्नुसार मंडल ने उत्तरदायित्वपूर्ण 'जन प्राधिकरण' के रूप में इस संबंध में उचित कार्रवाई की है। मंडल ने दो केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी तथा एक अपीलीय प्राधिकारी नियुक्त किया है ताकि सूचना प्राप्त करने वालों से प्राप्त होने वाले अनुरोधों पर क्रमबद्ध रूप से कार्रवाई की जा सके। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल तीन परीक्षाओं, भर्तियों, मूल्यांकन तथा चयन में पूर्ण पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है, ताकि सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 को इसकी सच्ची भावना के साथ लागू किया जा सके। सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 4 के अनुसार भर्ती तथा मूल्यांकन से संबंधित सभी अद्यतन सूचना कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की वेबसाइट (www.asrb.org.in) पर समय–समय पर उपलब्ध कराई जाती है।

रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल में 424 मामले प्राप्त हुए जिनमें से मुख्यतः मामले विशेषज्ञों के नाम का खुलासा करने, प्रत्याशियों की छंटाई तथा साक्षात्कारों में अंक प्राप्त करने, सीधी भर्ती वाली पदों के लिए आवेदनों की छंटाई करने की क्रियाविधि, मूल्यांकन समिति द्वारा दिए गए अंकों, विभिन्न परीक्षाओं में प्राप्त किए गए अंकों, उत्तर–पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया, परीक्षाओं के उत्तरों की कुंजी, उत्तर पुस्तिकाओं की फोटोकॉपी, ओएमआर शीट तथा प्रश्न–पत्रों, मंडल के पूर्व सक्रिय आदेशों/निर्णयों, आरटीआई अधिनियम की धारा 4 का मंडल में कार्यान्वयन करने तथा स्रोत के रूप में लगी हुई मेन पावर का विवरण प्राप्त करने से संबंधित थे।

कुल 424 मामलों में से केवल चार आवेदकों ने कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के निर्णयों के विरुद्ध केन्द्रिय सूचना आयोग को द्वितीय अपील की सभी मामले संबंधित व्यक्तियों को पूर्णतः संतुष्ट करते हुए सफलतापूर्वक निपटाए गए तथा मंडल द्वारा जो उत्तर दिए गए थे, उन्हें भी लगभग सभी मामलों में माननीय केन्द्रिय सूचना आयोग द्वारा उचित ठहराया गया। इसका सम्पूर्ण विवरण नीचे दिया गया है :

वर्ष 2018-19 के दौरान सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अंतर्गत निपटाए गए मामलों का सारांश

खण्ड-I (अनुरोध तथा अपीलों के बारे में विवरण)

	01.04.2018 को आदिशेष निर्णय	अन्य पीएएस से स्थानांतरित होकर प्राप्त होने वाले आवेदनों की संख्या	तिमाही के दौरान प्राप्त (अन्य पीएएस से हस्तांतरित मामलों सहित)	अन्य पीएएसयू/एस 6 (3) के अन्तर्गत हस्तांतरित मामलों की संख्या	वे निर्णय जहां अनुरोधों/अपीलों को अस्वीकार किया गया	जहां अनुरोध/अपील स्वीकार किए गए
अनुरोध	3	59	362	11	1	412
प्रथम अपील	0	लागू नहीं	32	लागू नहीं	1	31
		पदनामित सीएपीआईओ की कुल संख्या		पदनामित सीपीआईओ की कुल संख्या		पदनामित अपीलीय प्राधिकारियों की कुल संख्या
		–		2		1

खण्ड-II. (एकत्र किए गए शुल्क, दिए गए दंड तथा की गई अनुशासनिक कार्रवाई का विवरण)

एकत्र किया गया पंजीकरण शुल्क (रुपयों में) धारा 7(1) के अंतर्गत	एकत्र किया गया अतिरिक्त शुल्क (रुपयों में) धारा 7(3) के अंतर्गत	सीआईसी की धारा 20(1) के अंतर्गत दिए गए निर्देश के अनुसार वसूली की गई दंड राशि (रुपयों में)	धारा 20(2) के अंतर्गत किसी भी अधिकारी के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई से संबंधित मामलों की संख्या
2360/–	402/–	0	0

खण्ड-III. (सूचना के अनुरोध को स्वीकार करते समय धारा 8 के अंतर्गत अपनाए गए विभिन्न प्रावधानों का विवरण)

अनुरोध को अस्वीकार करते समय विभिन्न प्रावधानों को कितनी बार लागू किया गया													
सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की संबंधित धाराएं													
धारा 8(1)										अन्य धाराएं			
(a)	(b)	(c)	(d)	(e)	(f)	(g)	(h)	(i)	(j)	(9)	(11)	(24)	अन्य
-	-	-	1	7	-	-	-	-	25	-	-	-	7

केन्द्रीय सार्वजनिक शिकायत निवारण एवं निगरानी प्रणाली (सीपीजीआरएएमएस)

इस अवधि के दौरान मंडल में 126 शिकायतें प्राप्त हुईं। मुख्यतः परीक्षाओं के माध्यम से तकनीशियन (टी1), तकनीकी सहायक (टी–3), आशुलिपिक ग्रेड–III, अवर श्रेणी लिपिक 2017, भर्ती के लिए सामान्य सूचना, सहायक परीक्षा–2014, सहायक निदेशक (राजभाषा), नेट 2017, एआरएस 2016, नेट 2018 (1) तथा वैज्ञानिकों के मूल्यांकन जैसे विभिन्न मुद्दों से संबन्धित विभिन्न अनुरोधों पर मंडल ने कुशलतापूर्वक एवं संतोषजनक ढंग से कार्रवाई की।

हिन्दी (राजभाषा) को बढ़ावा

09

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार की राजभाषा नीति के अनुसार कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल राजभाषा के वार्षिक कार्यक्रम में निर्धारित लक्ष्यों का पूरा करने के लिए हिन्दी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। मंडल यह पूरी तरह सुनिश्चित करता है कि परिपत्र, प्रतिवेदन, प्रश्न–पत्र तथा अन्य दस्तावेज अधिनियम तथा नियमों के प्रावधानों के अनुसार द्विभाषी आवश्यकता को सुनिश्चित करते हुए अत्यंत सावधानी से संकलित किए जाएं और राजभाषा नीति का उचित अनुपालन किया जाए।

- मंडल में कार्यरत लगभग 98 प्रतिशत अधिकारियों तथा 100 प्रतिशत स्टाफ सदस्यों को हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त है।
- सहायक साहित्य जैसे कृषि शब्दावली, हिंदी में मानक पत्रों/मसौदों के नमूने, सामान्य वाक्यों के हिन्दी समानार्थ आदि भी स्टाफ सदस्यों को उपलब्ध कराए गए हैं।
- परीक्षा संबंधी नियमों, सूचनाओं तथा पाठ्यक्रमों; प्रत्याशियों के लिए अनुदेशों; प्रवेश प्रमाण–पत्रों; परीक्षा पुस्तिकाओं, उत्तर पुस्तिकाओं, प्रश्न–पत्रों, आवेदन फार्मों, उपस्थिति पत्रों तथा उपस्थिति सूचियों को अंग्रेजी के साथ–साथ हिंदी में भी छपवाया गया है।
- वर्ष के दौरान मंडल द्वारा जारी किए गए विभिन्न विज्ञापन 'रोजगार समाचार' सहित देश के प्रमुख समाचार–पत्रों में हिन्दी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में तैयार करके प्रकाशित किए गए।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल के कार्यालय में सभी कम्प्यूटर कुंजी–पटल देवनागरी लिपि के अक्षरों में उपलब्ध कराए गए हैं।
- कृषि शिक्षा/अनुसंधान में प्रयुक्त होने वाले महत्वपूर्ण तकनीकी शब्दों का अंग्रेजी–हिन्दी शब्दकोश प्रश्न–पत्र तैयार करने वालों/अनुवादकों के लाभ के लिए उपलब्ध कराए गए हैं।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्याशियों को सभी प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ–साथ मंडल के साक्षात्कारों में प्रश्नों के उत्तर देने के मामले में हिन्दी का विकल्प हो।
- कृषि वैज्ञानिक चयन मंडल की वेबसाइट www.asrb.org.in द्विभाषी (अंग्रेजी और हिन्दी) में है।
- रिपोर्ट अवधि के दौरान मंडल ने परीक्षा सामग्री का अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने में 2,77,453/–रु. व्यय किए।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठकें

इस अवधि के दौरान मंडल में जून, सितम्बर, दिसम्बर–2018 तथा मार्च 2019 के दौरान चार तिमाही राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें आयोजित की गईं। इन बैठकों में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई तथा महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

